# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

अंक :164
नवम्बर 2015

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित प्रकाशन का चौदहवां वर्ष

**स्वैच्छिक सेवा का 57 वां वर्ष**


- नवम्बर 2015 में 22. कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 12
- उदयपुर का तापमान सितम्बर माह में : अधिकतम 36° सेल्सियस, न्यूनतम 8° सेल्सियस रहा।
- अक्टूम्बर माह की **मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान तथा लहर** प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं वि ाष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

## आर्थिक सहयोग–

**●छात्रवृत्ति – श्री मोहम्मद शफी अगवानी 5000 रु., श्री राजेन्द्र जैन 5000 रु. व डॉ.एल.एल.धाकड 1000 रु.**

**●स्वर्ण जयन्ती सहयोग – डॉ.आई.एल.जैन 11000 रु., डॉ.आर. सी.भटनागर 5000 रु. व डॉ.के.एल.मेनारिया 1000 रु.**

**●वार्षिक सहयोग – श्री सुरेन्द्र भटनागर 1,000 रु.**

**●विशेष सहयोग – डॉ.के.एल.तोतावत 10000 रु., डॉ. ( श्रीमती ) शैल गुप्ता 1100 रु.**

**सभी सहयोगियों का सादर आभार !**

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रसारण

**लोकविज्ञान :** इस अंक में विकिरण, दाँतों की केविटी भरने के लिए कटहल रस उपयोगी, भोजन में पोषकता का महत्त्व, सीसे से बने सौलर पैनल अब संभव एवं रक्तदान संबंधी आवश्यक जानकारी आदि लेख सम्मिलित किए गए।

## महिला सशक्तीकरण

***नवाचार महिला प्रकोष्ठ :*** इस प्रकोष्ठ की मासिक बैठक इस माह 7 नवम्बर को आयोजित हुई। 75 महिलाएं उपस्थित थीं।जिसमें हाउजी एवं खेल आयोजित हुए। दिपावली अभिवादन का आदान–प्रदान हुआ तथा **श्रीमती दीपिका जैन** ने **गुलकंद मावा, जालीढार समोसा, पाईन एप्पल डिलाईट, खसखस मेवा बहार, नटखट सौगात** आदि बनाना सिखाया।

***वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :*** इस प्रकोशठ की मासिक बैठक 20 नवम्बर को आयोजित हुई। बैठक में 80 महिलाएं उपस्थित हुई। **कार्यक्रम में म्यूजिकल अंताक्षरी व पार्टी आधारित रंगीली हाउजी का आयोजन** किया गया। प्रकोष्ठ की सदस्या **श्रीमती विजयलक्ष्मी बंसल ने अपने विवाह की 50 वीं व 70 वां जन्मदिन मनाया, हार्दिक बधाई।**

***ग्रामीण महिला चेतना शिविरः*** यह शिविर 30 नवम्बर को आयोजित किया गया। जिसमें चार गांवो **चंदेसरा, टूंस डागियान, नान्दवेल व फतहनगर** की 29 महिलाएं सम्मिलित हुई। **डॉ.शैल गुप्ता** ने योगाभ्यास कराया। **डॉ.आई.एल.जैन** द्वारा समसामयिक संबंधित व्याधियों के बचाव हेतु जानकारी दी गई। **डॉ.के.बी.शर्मा** ने पशुओं को नमक देने, चारे की कुण्डिया बनाने, टीका लगाने आदि की सलाह दी। **डॉ.के.एल.कोठारी** ने प्रेरणात्मक बातों के साथ–साथ विज्ञान समिति में ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी एवं जीवन पच्चीसी के कुछ बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। **प्रो.सुशीला जी अग्रवाल** ने बच्चों की पढ़ाई पर विशेष जोर दिया तथा जीवन पच्चीसी के बिन्दुओं को विस्तार से समझाया। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने चेतना शिविर संबंधी आवश्यक चर्चा की। इस अवसर पर नान्दवेल की कमला जोशी ने नारी शक्ति का एक गीत "कोमल है कमजोर नही शक्ति का नाम नारी है "बहुत मधुर स्वरों में सुनाया। **डॉ.शैल गुप्ता** ने कुछ सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। फतहनगर की सदस्या **श्रीमती बेबी यादव** के पति के निधन पर तथा विज्ञान समिति के अकादमिक सचिव **श्री प्रकाश तातेड़** की माताश्री के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। चंदेसरा, फतहनगर व नान्दवेल की कुछ महिलाओं ने ऋण की किश्ते जमा करवाई। टूस डांगियान एवं उदयपुर से ऋण संबंधी नए आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम बहुत उत्साहवर्द्धक रहा। **श्रीमती रेणु भंडारी** ने लहर की सामग्री पर चर्चा की तथा **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने लहर का वितरण कर आभार व्यक्त किया।

## स्वास्थ्य सेवाएं

***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :*** **विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास,** उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निः ुल्क एक्यूप्रे र ि ाविर प्रत्येक गुरुवार व भानिवार को

सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। नवम्बर माह में 9 शिविर हुए जिसमें **66 रोगियों** की चिकित्सा की गई।

***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :*** **विज्ञान समिति, अशोकनगर जैन सोसायटी, अणुव्रत समिति, महावीर इंटरनेशनल, एम.बी.कॉलेज पूर्व छात्र परिषद** के संयुक्त तत्वावधान में **उन्नतीसवां शिविर** दिनांक 30 नवम्बर 2015 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा ि ाविर में **डॉ.एल.के.भटनागर एवं डॉ.आई.एल.जैन, वरिष्ठ फिजिशियन, डॉ.अनुराग तलेसरा,अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. पूजा भटनागर व दर्शन डेंटल कॉलेज की टीम, श्री अंकित नागौरी जांच ब्लड शुगर एवं एक्यूप्रेशर टीम व डॉ.मुकेश भटनागर, आयुर्वेद चिकित्सक** ने अपनी **मानद चिकित्सा परामर्श** सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। इस ि ाविर में कुल 121 नागरिकों का (27 सामान्य, 11 हदय, 31 मधुमेह, 30 अस्थि रोग, 5 ईएनटी, 5 दंत, ) वि ोषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 8 नागरिकों को एक्यूप्रे ार थेरेपी व 4 नागरिकों को आयुर्वेद चिकित्सा पराम र्ा दिया गया। आगामी **तीसवां शिविर 20 दिसम्बर 2015 रविवार प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।**

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

विज्ञान समिति प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ की बैठक दिनांक 28 नवम्बर को सायं 5 बजे आयोजित हुई। विषय था **अमेरिका एवं दुबई में विकास एवं उदयपुर स्मार्ट सिटी में इसकी उपयोगिता।** इस बैठक में मुख्य वक्ता पूर्व मुख्य अभियन्ता **श्री राजेन्द्र जी चतुर** एवं पूर्व निदेशक एवं प्रशासक **डॉ.एल.एल. धाकड** थे। श्री चतुर एवं डॉ.धाकड ने क्रमशः अपने अमेरिका एवं दुबई प्रवास के दौरान शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर की आव यकता का अध्ययन किया। इस अध्ययन के आधार पर उदयपुर में स्मार्ट सिटी में इन इंफ्रास्ट्रक्चर की आव यकता पर वार्ता दी। इन दोनों के विचारों पर हम विशाल इंफ्रास्ट्रक्चरों को उदयपुर में निर्माण नहीं कर पाएगें लेकिन वहां स्थित पर्यटकों के उपयोगी भ्रमणस्थल, पार्किंग फुटपाथ, रोड़लाईट एवं सफाई–व्यवस्था का अनुसरण अवश्य कर सकते हैं।

इस दिन उदयपुर को स्मार्ट सिटी की आवश्यकता–पर्यटन विकास, जल व सीवरेज, झील व विरासत, सार्वजनिक परिवहन, सुरक्षा एवं सुरक्षा उपाय, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, विद्युत वितरण एवं प्रकाश व्यवस्था पर विषय विशेषज्ञों के समूह भी गठित किए गए। विशेषज्ञों का समूह उपरोक्त प्रत्येक विषय पर चिंतन–मनन कर एक प्रतिवेदन तैयार करने का प्रयास करेगा एवं इन प्रतिवेदनों पर एक या दो दिन की संगोष्ठी आयोजित कर इन पर विस्तार से विचार–विमर्श उपरान्त प्रतिवेदनों को अंतिम रूप दिया जायेगा एवं इन प्रतिवेदनों को भाहर के नगर निगम, नगर विकास प्रन्यास एवं शहरी प्र ाासन को सुझाव हेतु प्रेषित किया जाएगा।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

इस प्रकोष्ठ की बैठक इस माह विशेष कारण से द्वितीय शनिवार को नहीं होकर 17 नवम्बर, मंगलवार को आयोजित हुई जिसमें लगभग 15 सदस्यों ने भाग लिया। इस बार चर्चा का विषय था **सामाजिक कार्यो में आडम्बर एवं अत्यधिक खर्चे कैसे कम किए जा सकते हैं।** इस विषय को प्रमुख रूप से **डॉ. एस.एल.गोदावत** ने प्रतिपादित किया। अन्य वक्ताओं में **डॉ. पी.एम.अग्रवाल, डॉ.एन.एल.कच्छारा, डॉ.आर.एल.जैन** थे। **डॉ.के.एल.कोठारी** ने टी.वी. पर चल रही एक नई प्रवचनमाला की जानकारी दी। **डॉ.कच्छारा** ने एक फिल्म भी बताई जिसमें बिना सेना के भी देशों का संचालन किया जा सकता है। फिल्म प्रभावी थी।

## केलवा प्रोजेक्ट

**श्रद्धा** का 25 वा अंक (नवम्बर) प्रकाशित हुआ।

आचार्य भिक्षु आलोक संस्थान, केलवा के रजिस्ट्रेशन संबंधी दस्तावेज राजसमन्द जिला, पंजीयन अधिकारी को दे दिए गए है।

**डॉ.एल.एल.धाकड** ने श्रद्धा के सभी अंकों की एक–एक प्रति **आचार्य महाश्रमण एवं साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा जी को विराट नगर, नेपाल में भेंट** की।

## अन्य बिन्दु

● हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य एवं वेदान्ता ग्रुप के **प्रेसिडेन्ट–ग्लोबल जिंक बिजनेस के सम्मान** का कार्यक्रम विज्ञान समिति में 28 नवम्बर को आयोजित होना था। वह कुछ विशेष परिस्थिति के कारण उसी दिन स्थगित किया गया। कार्यक्रम पुनः शीघ्र ही आयोजित किया जायेगा।

● नवम्बर में 10 से 12 तीन दिन का दीपावली अवकाश रखा गया।

● **महावीर इन्टरनेशनल, उदयपुर का छात्रवृति कार्यक्रम** 22 नवम्बर रविवार को विज्ञान समिति के बड़े सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान समिति का पूर्ण सहयोग रहता है। **प्रो.जे.एन.कविराज एवं श्रीमती मंजुला शर्मा** का विशेष सहयोग के लिए सम्मान किया गया।

## दीपावली स्नेह मिलन



डॉ. डी.एस. कोठारी सभागार में दिनांक 16 नवम्बर को दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन डॉ. के.एल. कोठारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जिसमें करीब 30 सदस्यों ने भाग लिया। डॉ. बी.एल. चावत, डॉ. जे.एन. कविराज, इंजी. जे.एस. पोखरना, डॉ. आर.एल. जैन, श्रीमती सुशीला सेठ ने मधुर गीत और भजन गाकर कार्यक्रम को मोहक बनाया। श्रीमती हंसा मुणेत और पारूल सुराणा ने मारो वीर शिरोमणि देश गाकर राजस्थान की महिमा को उजागर किया। श्री बी.एल. कूकड़ा एवं श्रीमती शैल गुप्ता, डॉ. के.एल. तोतावत, श्री एल.एल. चन्डाल्या, श्री बृजमोहन दीक्षित, डॉ. के.बी. शर्मा, श्रीमती रेणु भंडारी ने हास्य परिहास, कविता, बोध कथा आदि की सुन्दर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती पुष्पा कोठारी ने सबका स्वागत करते हुए प्रसंगानुकूल विचार रखे। श्री आर. के. चतुर, श्री शांतिलाल भंडारी, श्रीमती विजयलक्ष्मी बंसल ने अपनी भावनाएं व्यक्त की। डॉ. के.एल. कोठारी ने ''मैं दीवाली मना रहा हूँ'' स्वरचित कविता की प्रभावी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संयोजन करते हुए श्री प्रकाश तातेड़ ने ''यह दीवाली न होती'' कविता पेश की। इस अवसर पर डॉ. यशवन्त कोठारी, डॉ. आई.एल. जैन, इंजी. अरूण कोठारी, श्री वी.के.सूद, श्री आर.सी. भटनागर, श्री एस.पी. मित्तल भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि **श्री राज लोढा व विशिष्ट अतिथि श्री . ..... सोजतिया** थे। लगभग चार लाख रुपयें की छात्रवृति 300 छात्र–छात्राओं में वितरित की गई। इसमें विज्ञान समिति द्वारा अनुमोदित घणोली के चार छात्रों को भी छात्रवृति दी गई।

### सदस्यों संबंधी

●हमारे संरक्षक सदस्य युवा उद्योगपति **श्रीमान हेमन्त बोहरा** ने राजस्थान सरकार द्वारा 19–20 नवम्बर को आयोजित **रिसरजेन्ट राजस्थान कार्यक्रम में भाग लिया तथा अपना एक सुझावात्मक लेख** Resurgent Rajasthan "A Great Initiative But Babudom Needs to Change Attitude" **भी प्रस्तुत किया** जो इस अवसर पर प्रकाशित पुस्तिका बिजनस रेकर्स में प्रमुख लेख के रूप में छपा। हार्दिक बधाई !

●हमारे वरिष्ठ संरक्षक सदस्य व उद्योगपति **श्रीमान् मांगीलाल जी लुणावत** को हृदय संबंधी कुछ हल्का दौरा आया था। अब वे स्वस्थ्य है और पूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए हमारी मंगलकामना!

●हमारे संरक्षक सदस्य **श्रीमान् भंवरलाल जी डागलिया** जो पिछले कुछ माह में अस्वस्थ रहे थे उनको पेसमेकर लगाया गया। अब लगभग स्वस्थ है। उदयपुर में लगभग दो सप्ताह का प्रवास रहा। पूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए मंगलकामना !

● **डॉ.एल.एल.धाकड,** कार्यकारी अध्यक्ष **एवं श्रीमती शकुन्तला धाकड ने आचार्य श्री महाश्रमण के दर्शनार्थ विराटनगर नेपाल** 14 से 20 नवम्बर तक यात्रा की। बधाई !

●हमारे सदस्य **श्री डी.सी.कोठारी** के सुपुत्र **श्री अभिषेक डी कोठारी एवं उनकी पत्नी श्रीमती स्नेहा कोठारी** दोनों में लंदन में कार्यरत है। इस माह लगभग दस दिन के प्रवास पर उदयपुर आए।दोंनो ही अति विन्रम एवं योग्य है। कोठारी सा. को बधाई ! इस अवसर पर डी.सी.कोठारी सा. ने एक स्नेहभोज का भी आयोजन किया।

●हमारे सदस्य **डॉ.सुजानसिंह जी** को गुरूनानकदेव के जन्मोत्सव पर **'सिक्ख प्रतिभा सम्मान'** से सम्मानित किया गया व **उदयपुर मण्डल के राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड** के हुए चुनावों में पुनः 5 वर्षो के लिए **उप–प्रधान** चुना गया। हार्दिक बधाई !

●हमारे संरक्षक सदस्य **डॉ.ओ.एस.राठौड** रुग्णता से हुई कमजोरी से अब धीरे–धीरे स्वस्थ हो रहे हैं। शीघ्र पूर्ण स्वस्थता के लिए मंगलकामना !

●हमारे प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के प्रभारी **श्री मुनीश गोयल** दो

सप्ताह के लिए मध्यप्रदेश की यात्रा पर जाकर आए।

●हमारी ग्रामीण महिला चेतना समूह की प्रभारी **डॉ.शैल गुप्ता** का को **नगर निगम, उदयपुर द्धारा स्मार्ट सिटी के संबंध में योग प्रशिक्षक के रूप में प्रंशसा पत्र प्राप्त हुआ।** हार्दिक बधाई !

●हमारे कम्प्यूटर कार्यकर्ता **श्री गजेन्द्र दाहिमा की पुत्री सुश्री दिशा कुमावत** को **नगर निगम द्धारा आयोजित स्मार्ट सिटी पर आयोजित** [illegible] **ता में तृतीय स्थान एवं** [illegible] हुआ। हार्दिक

## श्रद्धांजलि

हमारे वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष स्वतंत्रता सेनानी राजस्थान सरकार से अतिरिक्त निदेशक कृषि के पद से सेवा निवृत **श्रीमान् केसरसिंह जी सिसोदिया की धर्मपत्नी श्रीमती लाड़ कुंवर का देवलोकगमन** लम्बी रुग्णता के पश्चात् 25 नवम्बर को हो गया। उनकी इच्छानुसार परिवार ने देहदान किया और 26 नवम्बर को आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज को उनकी देह का अनेक लोगों की उपस्थिति में अर्पित किया। दिवंगत आत्मा को सादर श्रद्धांजलि।

हमारे एकेडमिक **सचिव श्री प्रकाश जी तातेड़ की माताश्री श्रीमती करूणादेवी जी का देवलोकगमन** 29 नवम्बर को उदयपुर में हो गया। जिनका दाह संस्कार 30 नवम्बर को पैतृक गांव कुंवारिया जिला राजसमन्द में किया गया। समिति से कई लोगों ने फोन पर संवेदना व्यक्त की। उदयपुर में विज्ञान समिति प्रांगण में दिनांक 5 नवम्बर को अपरान्ह 3 से 5 बजे तक स्मृति सभा आयोजित होगी। दिवंगत आत्मा को सादर श्रद्धांजलि !

## जन्मदिवस मनाया









डॉ.बी.एल.चावत व डॉ.शैल गुप्ता
23 नवम्बर
डॉ.के.एल.तोतावत
1 नवम्बर
श्री जे.एस.दवे
8 नवम्बर
डॉ.एम.के.भटनागर
4 नवम्बर

| | | | |
|---|---|---|---|
| Smt. Renu Dhakar | 2/12 | Sh. R.K. Khokhawat | 04/01 |
| Shri K.P. Talesara | 08/12 | Sh. Arun Sarupariyas | 04/01 |
| Smt. Santosh Mehta | 10/12 | Sh. S.P. Mittal | 06/01 |
| Shri R.C. Khandelwal | 10/12 | Sh.B.L.Kukda | 09/01 |
| Sh.Manik Nahar | 20/12 | Sh. N.K. Purohit | 10/01 |
| Sh. S.C. Mehnot | 24/12 | Sh.Mohanlal Vaisnav | 12/01 |
| Smt. Arpana Sharma | 24/12 | Mrs. Vimla Kothari | 24/01 |
| Sh. Avinash Bhatnagar | 25/12 | Sh.K.S.Sisodiya | 24/01 |
| Sh. S.C. Mehta | 29/12 | Smt. Mudita Sharma | 24/01 |
| Dr.I.L.Jain | 31/12 | Sh.B.H.Bafna | 25/01 |
| Sh. K.L. Bapna | 01/01 | Sh. Akhilesh Joshi | 25/01 |
| Dr. G.C. Lodha | 01/01 | Sh. PS Roongta | 26/01 |
| Dr. B. Bhandari | 03/01 | Sh. Mangilal Lunawat | 31/01 |

**समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।**

## विज्ञान समिति के दिसम्बर माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, ग्रामीण महिलाओं के लिए लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

–एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

–श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार को 20 दिसम्बर 2015 प्रातः 10 से 12

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | | समय | |
|---|---|---|---|---|
| * दर्शन विज्ञान संगोष्ठी | 12 दिसम्बर 2015 | प्रातः | 11.00 | बजे से |
| * प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 26 दिसम्बर 2015 | सायं | 05.00 | बजे से |
| * ग्रामीण महिला चेतना शिविर | 30 दिसम्बर 2015 | प्रातः | 11.00 | बजे से |
| * | | | | |
| * | | | | |

**विशेष कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| * घणोली विजिट | 08 दिसम्बर 2015 प्रात : 10.00 बजे |
| श्री एम.एल.मेहता स्मृति व्याख्यान | 14 दिसम्बर 2015 प्रातः 11.00 बजे से |
| नवचार एवं वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठों का | 22 दिसम्बर 2015 सायं 05.00 बजे से |

**अपील**

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का तीसरा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

प्रेषक : विज्ञान समिति, 17 अशोक नगर, उदयपुर **बुक-पोस्ट**

**सेवा में**

Quick Print Service # 94147 36608

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर**